BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 19 सितम्बर, 2023 **थाना ककोड़**

e-Commerce वेबसाइट के Payment Gateway को जाने वाले Amount की वैल्यू को Software से बदलकर ऑनलाइन ठगी करने वाला एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, निशादेही पर ठगी किया गया शत-प्रतिशत सामान (कीमत करीब 05 लाख रुपये) बरामद।

दिनांक 28-07-2023 को नेक्सस सोलर एनर्जी प्रा0 लि0 थाना चोला जनपद बुलन्दशहर के मालिक श्री दीपक चौधरी पुत्र सत्यवीर सिंह ने अभियुक्तगणों द्वारा अपनी ई-कॉमर्स वेबसाइट (www.nexussolarenergy.in) से 3 Transactions में ऑर्डर बुक कर जिसकी कीमत करीब 05 लाख रुपये थी, का पेमेंट मात्र 3 रुपये होने के धोखाधड़ी के संबंध में थाना चोला पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना चोला पर मुअसं- 141/23 धारा 420/467/468/471 भादवि व 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना थाना ककोड़ पर नियुक्त निरीक्षक अपराध श्री शत्रुध्न यादव द्वारा की जा रही है।

उक्त के क्रम में विवेचना/छानबीन व तकनीकी साक्ष्य के आधार पर दिनांक 18/09/2023 को थाना ककोड़ पुलिस टीम द्वारा साईबर क्राइम सेल की सहायता से प्रकाश में आये अभियुक्त अजय कुमार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही से ठगी करके मंगाया गया समान भी शत-प्रतिशत बरामद कर लिया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना चोला पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. अजय कुमार पुत्र राम आशीष महतो निवासी गली नम्बर 8 फेस I कुतुब बिहार दिल्ली।

बरामदगी-

1. 02 ट्यूबलर बैटरी
2. 01 विंडो सोलर AC
3. 01 स्प्लीट सोलर AC
4. 01 सोलर पीसीयू

गिरफ्तार अभियुक्त अजय ने पूछताछ पर बताया कि वह कोरोना काल के समय से ही ऑनलाइन वेबसाइट की सिक्योरिटी को टेस्ट करता रहता था तथा वेबसाइट को हैक करने के बारे में इन्टरनेट से जानकारी लेता रहता था। अभियुक्त द्वारा सिक्योरिटी तथा हैकिंग के संबंधित ChatGPT व अन्य माध्यमों से जानकारी ली गयी तथा कुछ सॉफ्टवेयर टूल्स के बारे में पता किया गया जिससे वेबसाइट कि सिक्योरिटी को चैक किया जा सकता है तथा डाटा में बदलाव किया जा सकता है। माह जून-2023 में उसे नेक्सस सोलर एनर्जी प्रा0 लि0 कम्पनी की वेबसाइट (www.nexussolarenergy.in) के बारे में पता चला कि वेबसाइट को हैक किया जा सकता है। उसने पिता व भाई की आईडी पर सिम लेकर फेक ईमेल आईडी बना रखी थी जिससे कोई पकड़ न सके तथा नेक्सस की वेबसाइट पर अभियुक्त सॉफ्टवेयर की मदद से वेबसाइट से पैमेंट गेटवे को जाने वाले अमाउंट को बदल देता था जिससे मात्र एक रुपये में एक ऑर्डर कर लेता था। इस प्रकार अभियुक्त द्वारा करीब 05 लाख रुपये का सामान मात्र 03 रुपये में ले लिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार द्वारा गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25,000/- रुपये से पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी है।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

1- अफरोज खान प्रभारी साईबर क्राइम सेल
2- है0का0 संजीप साईबर क्राइम सेल
3- श्री यज्ञदत्त शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना ककोड़
4- श्री शत्रुध्न यादव निरीक्षक अपराध
5- उ0नि0 रामवीर सिंह

मीडिया सेल बुलंदशहर